
# एफ बी आई के दस सर्वाधिक वांछित भगोड़े

# सिंडी रोड्रिगेज़ सिंह

### अभियोजन से बचने के लिए अवैध रूप से पलायन - दस वर्ष से कम आयु के व्यक्ति की जघन्य हत्या



## विवरण

| | |
|---|---|
| **उपनाम:** सेसिलिया रोड्रिगेज़, सिंडी रोड्रिगेज़, सिंडी सी. रोड्रिगेज़, सिंडी सेसिलिया रोड्रिगेज़ | |
| **जन्म तिथि (तिथियों) का उपयोग किया गया:** 30 जनवरी, 1985 | **जन्म स्थान:** डैल्लास, टेक्सास |
| **बाल:** भूरे | **आँखें:** भूरी |
| **ऊंचाई:** 5'1" से 5'3" | **वजन:** 120 से 140 पाउंड |
| **लिंग:** महिला | **जाति:** श्वेत (हिस्पैनिक) |
| **राष्ट्रीयता:** अमेरिकी | **व्रणचिह्न और निशान:** रोड्रिगेज़ सिंह की पीठ, बायीं टांग, दाहिने बाज़ू, दाहिने पिंडली, दाहिने हाथ और दाहिने पैर पर टैटू हैं। |

### इनाम

**एफबीआई सिंडी रोड्रिगेज़ सिंह की गिरफ्तारी और सजा दिलाने में सहायक सूचना देने वाले को 25,000 डॉलर तक का इनाम दे रही है।**

### टिप्पणी

रोड्रिगेज़ सिंह का भारत और मैक्सिको से संबंध है या वे वहां जा सकती हैं।.

### सावधानी

सिंडी रोड्रिग्ज़ सिंह अपने 6 वर्षीय बेटे, की हत्या के आरोप में वांछित है। 20 मार्च, 2023 को टेक्सास डिपार्टमेंट ऑफ फैमिली एंड प्रोटेक्टिव सर्विसेज के अनुरोध पर, एवरमैन पुलिस विभाग ने सिंडी रोड्रिगेज़ सिंह के 6 वर्षीय बेटे , जिसे अक्टूबर 2022 से जीवित नहीं देखा गया था, की ओर से कल्याण जांच का अनुरोध किया। कल्याण जांच साक्षात्कार के दौरान, रोड्रिगेज़ सिंह ने अधिकारियों से झूठ बोला जब उसने बताया कि लड़का मैक्सिको में अपने जैविक पिता के साथ रह रहा था, और नवंबर 2022 से वहीं था।

22 मार्च, 2023 को रोड्रिगेज़ सिंह, उनके पति और छह अन्य किशोर बच्चे भारत जाने वाली एक अंतरराष्ट्रीय उड़ान में सवार हुए। जांचकर्ताओ ने यह निर्धारित किया कि लापता बच्चा मौजूद नहीं था, और वह उड़ान में सवार नहीं हुआ।. ऐसे माना जाता है कि रोड्रिगेज़ सिंह उड़ान में सवार होने के पश्चात संयुक्त राज्य अमेरिका (यूनाईटेड स्टेट्स) मे वापस नही आयी है।

31 अक्टूबर, 2023 को, सिंडी रोड्रिगेज़ सिंह पर टेक्सास के फोर्ट वर्थ के टैरंट काउंटी के जिला न्यायालय में हत्या का आरोप लगाया गया। 2 नवंबर, 2023 को, रोड्रिगेज़ सिंह के लिए यूनाइटेड स्टेट्स डिस्ट्रिक्ट कोर्ट, नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट ऑफ़ टेक्सास, फोर्ट वर्थ, टेक्सास में संघीय गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया, जब उन पर अभियोजन से बचने के लिए अवैध रूप से पलायन का आरोप लगाया गया।

### इसे पलायन जोखिम माना जाना चाहिए

**यदि आपके पास इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी है, तो कृपया एफबीआई की टोल फ्री लाइन 1-800-CALL-FBI (1-800-225-5324) पर संपर्क करें। आप अपने स्थानीय एफबीआई कार्यालय, निकटतम अमेरिकी दूतावास या वाणिज्य दूतावास से भी संपर्क कर सकते हैं। या आप tips.fbi.gov पर ओनलाइन टिप दे सकते हैं।**

**क्षेत्रीय कार्यालय (फील्ड ऑफिस):** डैल्लास